# राजस्थान विधान सभा

## (सोलहवीं विधान सभा)

## चतुर्थ सत्र

## अतारांकित प्रश्नों की सूची

## बुधवार, दिनांक 10 सितम्बर, 2025

## कुल संख्या-23

| | |
|---|---|
| उप मुख्यमंत्री (उच्च शिक्षा) | 03 |
| उद्योग मंत्री | 02 |
| जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री | 03 |
| जल संसाधन मंत्री | 03 |
| जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री | 01 |
| राजस्व मंत्री | 03 |
| नगरीय विकास राज्य मंत्री | 05 |
| ऊर्जा राज्य मंत्री | 03 |

### राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय, सागवाड़ा के भवन की स्वीकृति

97.

(1026/आयुर्वेद/अता.)

श्री शंकरलाल डेचा (158) क्या आयुर्वेद मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय, सागवाड़ा का भवन जर्जर हो चुका है? यदि हां, तो नवीन भवन हेतु किस स्थान पर कितनी भूमि आवंटित की गयी है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) विभाग द्वारा उक्त भवन के निर्माण हेतु कितनी राशि की स्वीकृति चाही गई है? सरकार द्वारा उक्त की स्वीकृति कब तक जारी कर दी जायेगी? विवरण सदन की मेज पर रखें।

### उपखण्ड वैर तथा भुसावर से श्री महावीरजी तथा कैलादेवी के लिए बस संचालन

98. (583/परिवहन/अता.) श्री बहादुर सिंह (99) क्या परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र वैर के उपखण्ड वैर तथा भुसावर से श्री महावीरजी तथा कैलादेवी (जिला करौली) के लिए बस सेवा संचालित करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम में कनिष्ठ अभियन्ता की पदोन्नति

99. (1740/परिवहन/अता.) श्री पितराम सिंह काला (88) क्या परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या सरकार राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम में सीधी भर्ती से वर्ष 2013 में भर्ती कनिष्ठ अभियंता (B) की पदोन्नति करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## जन सूचना पोर्टल पर उपलब्ध योजनाओं की जानकारी

100. (1054/सूचना एवं प्रौद्योगिकी एवं संचार/अता.) श्रीमती दीप्ति किरण माहेश्वरी (80) क्या सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) सरकार द्वारा जन सूचना पोर्टल प्रारंभ करने के मुख्य उद्देश्य क्या हैं तथा अब तक इन उद्देश्यों की प्राप्ति में क्या प्रगति हुई है?

(2) जन सूचना पोर्टल की प्रभावशीलता का आंकलन करने के लिए सरकार द्वारा कौन-सी व्यवस्था की गई है तथा वर्तमान में जन सूचना पोर्टल पर कितने विभागों की किन-किन योजनाओं की जानकारी उपलब्ध है तथा कौन-कौनसी प्रमुख योजनाओं की सूचना एवं जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध नहीं है?

(3) जन सूचना पोर्टल पर उपलब्ध योजनाओं के विवरण को कितने समयांतराल में अद्यतन किया जाता है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## रीको द्वारा आवंटित भूखण्डों में ऑन लाईन परीक्षा कार्य

101. (540/उद्योग/अता.) श्री अरूण चौधरी (11) क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) रीको द्वारा आवंटित भूखण्डों में किस-किस तरह के औद्योगिक कार्य किये जा सकते हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सूचना एवं प्रौद्योगिकी से संबंधित कार्य रीको औद्योगिक क्षेत्र में किया जा सकता है? यदि नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार रीको औद्योगिक क्षेत्र में ऑन लाईन परीक्षा संबंधित कार्य किये जाने हेतु छूट प्रदान करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

## सुजानगढ़ विधान सभा क्षेत्र में स्वीकृत ट्यूबवेल व हैण्डपम्प

102. (1356/जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी/अता.) श्री मनोज कुमार (सुजानगढ़) (112) क्या जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) तहसील सुजानगढ़ व बीदासर में माह जनवरी, 2024 से जुलाई, 2025 तक कितने ट्यूबवेल एवं हैण्डपम्प स्वीकृत किये गये? स्थानवार सूची सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त स्वीकृत हैण्डपम्प व ट्यूबवेलों में कितनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया व कितनों का शेष है? उक्त शेष कार्य अब कब तक पूर्ण करवा दिये जावेंगे? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## दांतारामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में सिंगल फेस ट्यूबवेल

103. (1444/जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी/अता.) श्री वीरेन्द्र सिंह (157) क्या जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र दांतारामगढ़ में विगत दो वर्षों में सरकार द्वारा कितने सिंगल फेस ट्यूबवेल लगाये गए?

(2) उक्त में से कितने ट्यूबवेल वर्तमान में बन्द हैं? क्या सरकार उक्त को ठीक कराने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## राजगढ-लक्ष्मणगढ विधान सभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत

104. (1517/जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी/अता.) श्री मांगेलाल मीना (117) ___क्या जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ में जल जीवन मिशन योजना में पाईप लाइन डालने के बाद क्षतिग्रस्त सड़कों को पुनः बनाने की जिम्मेदारी किसकी व कितने समय में बनाने का प्रावधान है? यदि संबंधित फर्म द्वारा उक्त कार्य नहीं किया जाता है, तो उसके लिए कौन जिम्मेदार हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त विधान सभा क्षेत्र में उक्त योजना में पाइप लाईन डालने के बाद क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत/निर्माण कब तक करवा दिया जाएगा? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## हरिके पतन से हुसैनीवाला हैड पर क्षतिग्रस्त गेटों की मरम्मत

105. (171/जल संसाधन/अता.) श्री रुपिन्द्र सिंह कुन्नर (200) ___क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) हरिके पतन से हुसैनीवाला हैड (बांध) पर कुल कितने गेट हैं तथा उक्त में से कितने गेट क्षतिग्रस्त हैं, जिसके कारण पानी पाकिस्तान की ओर चला जाता है?

(2) उक्त क्षतिग्रस्त गेटों को अब तक ठीक नहीं कराने के क्या कारण रहे तथा उक्त के लिये जिम्मेदार

अधिकारी के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार उक्त क्षतिग्रस्त गेटों की मरम्मत करवाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## प्रदेश की झीलों, तालाबों व नहरों की सफाई

106. (344/जल संसाधन/अता.) श्री बाबूसिंह राठौड़ (101) क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या सरकार झीलों, तालाबों व नहरों की सफाई करने हेतु कोई कार्ययोजना बनाने का विचार रखती है? यदि हां, तो विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार नहरों की सफाई करने हेतु कोई वार्षिक कार्यक्रम बनाने तथा उसे महानरेगा योजनान्तर्गत कार्यान्वित करवाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## चन्डी माता एनीकट छोटीसादड़ी की ऊंचाई में वृद्धि

107. (1067/जल संसाधन/अता.) श्री श्रीचन्द कृपलानी (168) क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि जिला प्रतापगढ़ के छोटीसादड़ी क्षेत्र में चन्डी माता एनीकट गांव बरोल ग्राम पंचायत अम्बावली का परिधि क्षेत्र वन भूमि में आने के कारण ऊंचाई नहीं बढ़ाई जा रही है? यदि हां, तो सरकार द्वारा उक्त समस्या के समाधान हेतु क्या प्रयास किए गए? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार उक्त के संबंध में वन विभाग का सहयोग लेकर सकारात्मक कार्यवाही कर एनीकट की ऊंचाई बढ़ाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## डूंगरपुर विधान सभा क्षेत्र में कार्यरत शिक्षा सहयोगियों के मानदेय में वृद्धि

108. (1222/जनजाति क्षेत्रीय विकास/अता.) श्री गणेश घोगरा (39) क्या जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि विधान सभा क्षेत्र डूंगरपुर में स्वच्छ परियोजना के अधीन कार्यरत मां बाडी/डे-केयर शिक्षा सहयोगियों का माह अप्रेल, 2025 से जुलाई, 2025 तक का मानदेय भुगतान नहीं किया गया है? यदि हां, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) सरकार उक्त को मानदेय का भुगतान कब तक करने का विचार रखती है? यदि नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार मां-बाडी/डे-केयर शिक्षा सहयोगियों के मानदेय में वृद्धि करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कितना व कब तक? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## निजी खातेदारी भूमियों में स्थित मोक्षधामों में रास्तों का प्रावधान

109. (764/राजस्व/अता.) श्री मनीष यादव (111) क्या राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या यह सही है कि प्रदेश में कई स्थानों पर निजी खातेदारी भूमियों में बने मोक्षधामों में शव यात्रा को ले जाने पर खातेदारों द्वारा रोकने के प्रकरण सामने आते हैं? यदि हां, तो क्या सरकार राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 की धारा 251-क के तहत खातेदारी भूमि के साथ ही निजी खातेदारी भूमियों में वर्षों से स्थित मोक्षधामों में आने-जाने हेतु रास्ते का प्रावधान करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## राजकीय भवनों के निर्माण हेतु भूमि का आवंटन

110. (1058/राजस्व/अता.) श्री हमीर सिंह भायल (190) क्या राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) ग्रामीण/शहरी क्षेत्र में राजकीय भवनों के निर्माण हेतु सरकारी भूमि को आरक्षित करने का क्या प्रावधान है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या ग्राम पंचायत स्तर पर राजकीय कार्यालय स्वीकृत होने एवं भूमि आरक्षित नहीं होने पर भवन निर्माण में समस्या उत्पन्न होती है? यदि हां, तो सरकार स्वीकृति से पूर्व भूमि आरक्षित करने का विचार रखती है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## धोद विधान सभा क्षेत्र में आबादी भूमि का विस्तार

111. (1387/राजस्व/अता.) श्री गोरधन (47) क्या राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र धोद के किन-किन गांवों में आबादी भूमि विस्तार के प्रस्ताव लंबित हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र धोद के अन्य ग्रामों में भी आबादी भूमि विस्तार करने का विचार रखती है? यदि नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## प्रदेश के शहरी क्षेत्र में नवीन टाउनशिप योजना

112. (206/नगरीय विकास एवं आवासन/अता.) श्री रफीक खान (123) क्या नगरीय विकास एवं आवासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) प्रदेश में नवीन टाउनशिप योजना क्या है तथा वह कितने शहरों में लागू होगी?

(2) वर्तमान में जयपुर में कौनसा मास्टर प्लान लागू है? क्या उसमें कोई परिवर्तन किया जा रहा है? यदि हां, तो क्या?

(3) क्या सरकार कोई नवीन टाउनशिप योजना लाने का विचार रखती है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## महल रोड़ (बगरू) की भूमि अवाप्ति का मुआवजा

113. (551/नगरीय विकास एवं आवासन/अता.) श्री कैलाश चन्द वर्मा (36) क्या नगरीय विकास एवं आवासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र बगरू में स्थित महल रोड के लिए किस-किस की तथा कितनी-कितनी भूमि अवाप्त की गई? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि महल रोड से प्रभावित भूमिधारकों के मुआवजे के प्रकरण लम्बित हैं? यदि हां, तो किन-किन के? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार महल रोड़ से प्रभावितों को भूमि के बदले भूमि देने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## नगरपालिका केकड़ी व सरवाड़ में टाउन प्लानिंग की योजना

114. (1254/नगरीय विकास एवं आवासन/अता.) श्री शत्रुघन गौतम (160) क्या नगरीय विकास एवं आवासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या सरकार प्रदेश में नगरीय क्षेत्रों के विकास हेतु टाउन प्लानिंग करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

(2) क्या नगरपालिका केकडी, सरवाड, सावर एवं टांटोटी में कोई टाउन प्लानिंग करने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि हां, तो उक्त की स्वीकृति कब तक जारी कर दी जायेगी व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## नगरपालिका सिंघाना में स्वीकृत निविदाएं

115. (955/स्वायत्त शासन/अता.) श्री श्रवण कुमार (167) क्या स्वायत्त शासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

नगरपालिका, सिंघाना द्वारा दिनांक 01 जनवरी, 2024 से 31 जुलाई, 2025 तक एक लाख रुपये से कम के स्वीकृत किए गए विकास कार्यों की निविदाओं का विवरण सदन की मेज पर रखें।

## नगरपालिका नीमराना में स्वीकृत कार्यों पर व्यय

116. (1373/स्वायत्त शासन/अता.) श्री ललित यादव (143) क्या स्वायत्त शासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि नगरपालिका, नीमराना द्वारा वर्ष 2022 से माह जुलाई, 2025 तक कौन-कौनसे विकास कार्य, कितनी-कितनी लागत के कराए गए? उक्त कार्यों की कार्य प्रारंभ एवं पूर्णता तिथि, कार्यकारी एजेंसी व संवेदक का नाम सहित विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि उक्त नगरपालिका द्वारा कराए गए विकास कार्यों की गुणवत्ता जांच विभागीय स्तर पर की गई है? यदि हां, तो कब व किन अधिकारियों द्वारा? यदि नहीं, तो सरकार द्वारा जांच कब तक करवाने का विचार रखती है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या यह सही है कि उक्त कार्यों की गुणवत्ता जांच में अनियमितताएं पाई गई हैं? यदि हां, तो सरकार द्वारा उक्त के लिए दोषियों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं, तो अब कब तक कार्यवाही की जायेगी? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(4) नगरपालिका, नीमराना में विगत दो वर्षों में विकास कार्यों हेतु कितना बजट स्वीकृत किया गया तथा कितना व्यय, किस-किस मद से किया गया? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## आबादी क्षेत्रों से गुजर रही विद्युत लाइनों को हटाने की कार्य योजना

117. (1020/ऊर्जा/अता.)

श्री छगनसिंह राजपुरोहित (54) क्या ऊर्जा राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या सरकार शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी भूमि एवं राजकीय विद्यालयों के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइनों को हटाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## आमेर विधान सभा क्षेत्र में विद्युत करन्ट से दुर्घटनाएं

118. (1797/ऊर्जा/अता.) श्री प्रशान्त शर्मा (95) क्या ऊर्जा राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र आमेर में विगत दो वर्षों में विद्युत करन्ट लगने से कितनी दुर्घटनाएं हुई तथा उनमें से कितने मामलों में सरकार द्वारा मुआवजा दिया गया है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त विधान सभा क्षेत्र में भविष्य में उक्त दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु सरकार द्वारा क्या प्रयास किये जा रहे हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## घरेलू उपभोक्ताओं हेतु फ्री बिजली एवं सोलर सब्सिडी योजनाएं

119. (1849/ऊर्जा/अता.) श्रीमती अनिता भदेल (4) क्या ऊर्जा राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि सरकार प्रदेश के घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को 100 यूनिट के स्थान पर 150 यूनिट नि:शुल्क बिजली उपलब्ध करवाने की योजना बना रही है? यदि हां, तो विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त उपभोक्ताओं को एक किलोवॉट क्षमता का सोलर पैनल लगवाने में केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा कितने-कितने प्रतिशत का अनुदान दिया जाता है? विगत तीन वर्षों में उक्त योजना अंतर्गत अजमेर शहर के कितने उपभोक्ताओं को उक्त योजना से लाभान्वित किया जा चुका है? संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

**विधान सभा भवन,**
**जयपुर।**
**दिनांक : 29 अगस्त, 2025**

**भारत भूषण शर्मा,**
**प्रमुख सचिव।**